ones who raise children. How could it be done? It could be done through obligatory paternity leave for fathers. It should be made compulsory for both the parents to take leave. I think by doing that, women and men would be put in the same position and the gender gap would decrease.

SHRI SUJEET KUMAR (Odisha): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI PRASHANTA NANDA (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

**श्री सुभाष चंद्र सिंह** (ओडिशा) : महोदय, मैं भी स्वयं को माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ सम्बद्ध करता हूँ।

### Need to make OTP mandatory for withdrawal from ATMs

**श्री रामकुमार वर्मा** (राजस्थान) : सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं ATM से सम्बन्धित transactions के सम्बन्ध में अपनी बात कहना चाहूँगा। मैं आपके माध्यम से यह भी बताना चाहूँगा कि 'Digital India' की क्रांति अप्रत्याशित रिज़ल्ट लाई है। मैं अपनी तरफ से उन करोड़ों लोगों की वह खुशी व्यक्त करना चाहता हूँ, जिनको दशकों बाद बिचौलियों से छुटकारा मिला और आज इस माध्यम से लाखों-करोड़ों रुपए का transaction हो रहा है। इसके various modes हैं, जिनमें UPI या अन्य online banking system भी है। ATM से सम्बन्धित बहुत सारे safety points रखने के बावजूद, क्योंकि गवर्नमेंट और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी समय-समय पर इस दिशा में कई steps लिए हैं, fraud करने वाले और भी चालाक होते जा रहे हैं। वे PIN के

जरिए या नम्बरों की cloning करते हुए अभी भी fraud कर रहे हैं। रिज़र्व बैंक की जो रिपोर्ट आई है, उससे लगता है कि ATM fraud के cases बढ़ रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि 'Digital India' ने हमें लाभ दिया, बहुत अच्छा दिया, लेकिन ATM fraud के मामले कम हों, हमें इसके लिए प्रयास करना चाहिए। इसके लिए मैं मंत्री महोदया से अनुरोध करना चाहूँगा कि PIN की जगह या PIN के बाद OTP को mandatory किया जाए। Financial institutions, जो banking system को follow करते हैं, transaction करते हैं, अगर उन पर यह सिस्टम लागू हो जाता है, तो उससे इसमें काफी रुकावट होगी। यह मेरा अनुरोध है, आग्रह है कि आप इसको जरूर संज्ञान में लें, धन्यवाद।

**श्री सुभाष चंद्र सिंह** (ओडिशा): महोदय, मैं स्वयं को माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री सुजीत कुमार** (ओडिशा): महोदय, मैं भी स्वयं को माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ सम्बद्ध करता हूँ।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

**Fraudulent activities through online platforms, fake call centers and fake domains of various banks**

**श्री शिव प्रताप शुक्ल** (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण मामला उठाना चाहता हूँ, जो online platforms, फर्ज़ी कॉल सेंटर्स तथा कई बैंकों और उपभोक्ता संस्थानों के फर्ज़ी domain का उपयोग करके कुछ अपराधी तत्वों द्वारा की जा रही गम्भीर धोखाधड़ी के संदर्भ में है। ये साइबर अपराधी बिना सोचे-समझे उपभोक्ताओं को call करते हैं, call करके उनसे KYC नंबर की बात करते हैं और मानदंडों को सत्यापित भी कर देते हैं। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो वे बैंक खाते के निष्क्रिय होने तक की बात मोबाइल पर लिख कर भेज देते हैं। स्वाभाविक रूप से आदमी घबरा कर उनसे OTP को share कर देता है। परिणाम यह होता है कि अचानक उपभोक्ता के खाते से न